वादा करलो श्याम हमसे | By Reshmi Sharma

वादा करलो बाबा हमसे आज दरबार में
हाथ नहीं छोड़ोगे कभी मझधार में

तेरे नाम जीवन लिख कर तेरे हो गए दीवाने
आगे मेरा क्या होना है मेरे मालिक तू जाने
पक्का है विश्वास मेरा मेरे सरकार में
हाथ नहीं छोड़ोगे कभी मझधार में

तुमने ही तो बाबा मुझको हंसना सिखाया है
काली रातो में भी बाबा रस्ता दिखाया है
तेरे जैसा दूजा नहीं इस संसार में
हाथ नहीं छोड़ोगे कभी मझधार में

काबिल नहीं आपके हम फिर भी निभाना है
तेरे इस बालक का बाबा तू ही तो ठिकाना है
हारे हुओ का तुम हो सहारा जानते सब संसार में
हाथ नहीं छोड़ोगे कभी मझधार में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-reshmi-sharma/